Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 20-12-2005

Participants : Khanna Shri Avinash Rai

an>

Title : Need to rehabilitate the people who have migrated to other states due to terrorism at their native place.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उन लोगों की तरफ दिलाना चाहता हूं जो आतंकवाद के कारण अलग-अलग राज्यों में अपना घर और प्रदेश छोड़कर रह रहे हैं। ऐसे काफी लोग हैं जो अपना प्रदेश छोड़कर दूसरे प्रदेशों में बस चुके हैं, पंजाब उनमें से एक है। दस र्वा तक पंजाब ने आतंकवाद को झेला है, अब पंजाब में हालात ठीक हैं। पंजाब के बहुत से लोग अपनी जमीन सस्ते दामों पर बेचकर, अपना बिजनेस छोड़कर अपने मकानों को बेचकर अन्य प्रदेशों में चले गए हैं। लेकिन आज स्थिति यह है कि वहां वे सैटल्ड नहीं हैं। उन्हें रोज़ी-रोटी कमाने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मैं चाहूंगा कि केन्द्र सरकार ऑप्शन रखे कि जो लोग अपने घर और प्रदेश में वापस आना चाहते हैं, उनको आर्थिक मदद दे, उनके बच्चों को नौकरी दे ताकि वे लोग अपने प्रदेश में जाकर अपना काम कर सकें और शांति से रह सकें।

महोदय, पंजाबी में कहावत है कि " जो सुख छज्जू के चवारे, न बलख न बुखारे।" इसका मतलब है कि जो सुख अपने घर में होता है, वह कहीं नहीं होता है। मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि इनकी वेदना को समझते हुए, इनका जितना नुकसान हुआ है, उसको देखते हुए, उनको वापस अपने प्रदेश में बुलाया जाए ताकि वे अपना बिज़नेस शुरू कर सकें, अपनी छोड़ी हुई नौकरी को फिर से प्राप्त कर सकें। मेरी मांग है कि उन्हें आर्थिक मदद भी दी जाए।